# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 864 /कु0का0/प्रशा0 / MSU / 2025–26 दिनांक : 31/07/25

सेवा में,

सचिव / प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषयः विश्वविद्यालय से पत्राचार कराने हेतु कार्यवाहक प्राचार्यों द्वारा प्राचार्य की मोहर लगाकर पत्राचार न करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जिन महाविद्यालयों में स्थाई प्राचार्य नियुक्त नहीं है। उन महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्य एवं कार्यरत् शिक्षकों द्वारा प्राचार्य की मोहर लगाकर विश्वविद्यालय से पत्राचार किया जा रहा है। जिस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जिन राजकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में शासन द्वारा स्थायी प्राचार्य नियुक्त नहीं है तथा स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित प्राचार्य नियुक्त नहीं है वह महाविद्यालय विश्वविद्यालय से पत्राचार करते समय प्राचार्य की मोहर के स्थान पर कार्यवाहक प्राचार्य की मोहर लगाकर पत्राचार करें तथा जिस शिक्षक को राजकीय महाविद्यालय में शासन द्वारा तथा अशासकीय महाविद्यालयों एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय में सचिव / प्रबन्धक द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य को नियुक्त किया गया है, उसके प्रमाणित हस्ताक्षर सचिव द्वारा प्रमाणित करते हुये कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिन महाविद्यालयों में प्राचार्य नियुक्त नहीं है, द्वारा विश्वविद्यालय से पत्राचार करते समय यदि कार्यवाहक प्राचार्य की मोहर के स्थान पर प्राचार्य की मोहर लगायी जाती तो उन महाविद्यालयों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय,

31-7-25

(कमल कृष्ण)
का0 कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
03. परीक्षा नियंत्रक।
04. वित्त अधिकारी।
05. उपकुलसचिव।
06. समस्त सहायक कुलसचिव।
07. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव